(d) उप-महानिरीक्षक और इससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों को प्रशासनिक मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय पद प्रदान कर सकता है ।

115. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की शक्ति, निम्नलिखित में से किस एक तक विस्तारित है ?

(a) भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के प्रकार्यों तक

(b) केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सतर्कता प्रशासन के अधीक्षण तक

(c) पड़ोसी देशों से अवैध प्रवासियों के पर्यवेक्षण तक

(d) दूसरे देशों के पर्यवेक्षण तक

116. कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952, के उपबंध उस प्रतिष्ठान पर लागू होते हैं जो किसी उद्योग में लगी एक फैक्टरी है, जिसमें काम में लगे हैं

(a) 10 अथवा इससे अधिक व्यक्ति

(b) 20 अथवा इससे अधिक व्यक्ति

(c) 50 अथवा इससे अधिक व्यक्ति

(d) 100 अथवा इससे अधिक व्यक्ति

117. X-किरणों को मापने का मात्रक निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) ओम

(b) सेंटीमीटर

(c) वोल्ट

(d) रोन्टजेन

118. सामान्य प्रकाश की तुलना में X-किरणों की तरंगदैर्ध्य होती है

(a) समान

(b) छोटी

(c) लम्बी

(d) छोटी या लम्बी, X-किरण मशीन के आकार पर निर्भर करता है

119. कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 के उपबंधों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से संबंधी किसी मृतक कर्मकार के 'आश्रित' की परिभाषा के अन्तर्गत आते हैं ?

1. विधवा और विधवा माता
2. अवयस्क धर्मज अथवा दत्तक पुत्र
3. अविवाहित धर्मज अथवा दत्तक पुत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

120. यात्री सामान की इन-लाइन जाँच अधिकतम कितने चरणों में की जाती है ?

(a) दो चरणों में

(b) तीन चरणों में

(c) चार चरणों में

(d) पाँच चरणों में

**121.** Through the X-BIS Screen, explosives are seen in

(a) Orange colour

(b) Green colour

(c) Black colour

(d) White colour

**122.** While being deputed for natural disaster, which one of the following is ***not*** the role of CISF ?

(a) If a dead body is found, it should be handed over to the police.

(b) If a decomposed body is found, it should be quickly disposed of.

(c) If any ornaments, watch or any item of identification is available, it should be preserved and handed over to the police.

(d) Continue search for the lost persons.

**123.** Which one of the following is ***not*** correct in respect of the offence of mischief ?

(a) Wrongful loss or damage to the property

(b) It must be with intention to cause loss or damage only to the owner of the property

(c) Loss or damage may be by destruction of the property

(d) Loss or damage may be by change in the property or situation thereof as it destroys or diminishes its value or utility

**124.** Which of the following statements is/are correct for the commission of criminal breach of trust ?

1. Property is entrusted to him or he has any dominion over the property.
2. Property may be movable or immovable.
3. Offender misappropriates or converts the property for his own use.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2 only

**125.** 'A' before going on a pilgrimage entrusts to 'B' the key of his house to use and take care of it under a contract that it shall be returned on payment of stipulated sum when 'A' comes back. 'B' sells the furniture of 'A'. By doing so 'B' has committed the offence of

(a) Dishonest misappropriation of property

(b) Cheating

(c) Theft

(d) Criminal breach of trust

**126.** As per the provisions of the Indian Evidence Act, 1872, which of the following is/are included in the meaning of 'Fact' ?

1. Any thing, state of things, or relation of things capable of being perceived by senses
2. Any mental condition of which any person is conscious

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

121. X-BIS स्क्रीन के माध्यम से विस्फोटक किस रंग के दिखाई देते हैं ?

(a) नारंगी रंग

(b) हरा रंग

(c) काला रंग

(d) सफ़ेद रंग

122. प्राकृतिक आपदा के लिए तैनात किए जाने पर, निम्नलिखित कौन-सी स्थिति में CISF की भूमिका *नहीं* होती है ?

(a) यदि कोई शव पाया जाता है, तो उसे पुलिस को सौंप दिया जाना चाहिए ।

(b) यदि कोई शव सड़ा हुआ पाया जाता है, तो शीघ्र ही उसकी अंत्येष्टि कर दी जानी चाहिए ।

(c) यदि कोई आभूषण, घड़ी या पहचान की कोई वस्तु उपलब्ध हो, तो उसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए और पुलिस को सौंप देना चाहिए ।

(d) गुम व्यक्तियों की तलाश जारी रखी जानी चाहिए ।

123. रिष्टि (शरारत) के अपराध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही *नहीं* है ?

(a) संपत्ति को सदोष हानि या क्षति

(b) यह केवल सम्पत्ति के स्वामी को हानि या क्षति पहुँचाने के आशय से होना चाहिए

(c) संपत्ति के विनाश से होने वाली हानि या क्षति

(d) संपत्ति अथवा स्थिति में परिवर्तन, जिससे उसका मूल्य अथवा उपयोगिता नष्ट अथवा कम हो, द्वारा होने वाली हानि या क्षति

124. आपराधिक न्यासभंग करने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. संपत्ति उसे सौंपी जाती है अथवा संपत्ति पर उसका कोई आधिपत्य है ।
2. संपत्ति चल अथवा अचल हो सकती है ।
3. अपराधी अपने स्वयं के उपयोग के लिए संपत्ति का दुर्विनियोजन करता है अथवा उसमें संपरिवर्तन करता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 2

125. तीर्थयात्रा पर जाने से पहले 'A' अपने मकान की चाबी अपने मकान का उपयोग करने और उसकी देखभाल करने के लिए 'B' को इस संविदा के आधार पर सौंपता है कि जब 'A' वापस आएगा तब ठहराई गई राशि के भुगतान पर उसे मकान वापस कर दिया जाएगा । 'B', 'A' का फर्नीचर बेच देता है । ऐसा करके 'B' ने कौन-सा अपराध किया है ?

(a) संपत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग

(b) छल

(c) चोरी

(d) आपराधिक न्यासभंग

126. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के उपबंधों के अनुसार 'तथ्य' के अर्थ में निम्नलिखित में से क्या शामिल है/हैं ?

1. कोई वस्तु, वस्तुओं की स्थिति, या वस्तुओं का संबंध जो इन्द्रियों द्वारा बोधगम्य हो
2. कोई मानसिक दशा जिसका ज्ञान किसी व्यक्ति को हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**127.** As per the provisions of the Indian Evidence Act, 1872, which one of the following statements regarding confession to police officer due to fear of arrest of his family members is correct ?

(a) Confession is relevant.

(b) Confession is not relevant.

(c) Confession is relevant but not admissible.

(d) Confession is not relevant but admissible.

**128.** The method of recruitment, age limits and other qualifications relating to each post in the Central Industrial Security Force are specified in which one of the following documents ?

(a) The Central Industrial Security Force Act, 1968

(b) The Central Industrial Security Force Rules, 2001

(c) Recruitment Rules, as amended from time to time

(d) Agreement to be signed by every enrolled member at the time of initial appointment

**129.** Which one of the following ***cannot*** be the subject matter of theft ?

(a) Human beings

(b) Crops

(c) Animals

(d) Electricity

**130.** Which of the following pair(s) of term(s) and meaning as per the provisions of the Workmen's Compensation Act, 1923 is/are correctly matched ?

1. Seaman :
   Any person forming part of the crew of any ship but does not include the master of the ship.
2. Total disablement :
   Such disablement whether of a temporary or permanent nature as incapacitating a workman for all work which he was capable of performing at the time of the accident resulting in such disablement.
3. Employer :
   Any body of persons which is incorporated excluding the managing agent of the employer.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**131.** Which one of the following statements relating to the CISF Rules, 2001, is ***not*** correct ?

(a) A specially deserving Constable with fifteen years of service may be promoted to the rank of Head Constable on the basis of his/her service records.

(b) A specially deserving Head Constable with twenty years of service may be promoted to the rank of Assistant Sub-Inspector on the basis of his/her service records.

(c) A specially deserving Assistant Sub-Inspector with twenty-five years of service may be promoted to the rank of Sub-Inspector on the basis of his/her service records.

(d) The total number of such promotions of deserving members of the Force should not exceed 10 percent of the posts which are to be filled by the method of promotion.

127. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के उपबंधों के अनुसार, अपने परिवार के सदस्यों की गिरफ्तारी के भय से पुलिस अधिकारी के समक्ष संस्वीकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) संस्वीकृति सुसंगत है ।

(b) संस्वीकृति सुसंगत नहीं है ।

(c) संस्वीकृति सुसंगत है किन्तु ग्राह्य नहीं है ।

(d) संस्वीकृति सुसंगत नहीं है किन्तु ग्राह्य है ।

128. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में प्रत्येक पद से संबंधित भर्ती की विधि, आयु सीमाएँ और अन्य अर्हताएँ निम्नलिखित में से किस एक दस्तावेज़ में विनिर्दिष्ट है ?

(a) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968

(b) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नियमावली, 2001

(c) भर्ती नियमावली जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है

(d) प्रारंभिक नियुक्ति के समय भर्ती किए गए प्रत्येक सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित किया जाने वाला अनुबंध (करार)

129. निम्नलिखित में से कौन-सी चोरी का विषय-वस्तु *नहीं* हो सकती है ?

(a) मनुष्य (मानव)

(b) फ़सलें

(c) जन्तु (प्राणी)

(d) विद्युत्

130. निम्नलिखित में से शब्दों और अर्थ के कौन-से जोड़े, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 के उपबंधों के अनुसार सही सुमेलित हैं ?

1. नाविक :
कोई व्यक्ति जो किसी जहाज़ के कर्मीदल का हिस्सा हो, परन्तु जहाज़ का स्वामी इसमें शामिल नहीं है ।

2. संपूर्ण नि:शक्तता :
ऐसी नि:शक्तता जो अस्थायी या स्थायी प्रकृति की हो, जो कर्मकार को सभी कार्यों से अक्षम बना दे जो वह दुर्घटना जिसके परिणामस्वरूप वह नि:शक्त हो गया, के पूर्व निष्पादित करने में सक्षम था ।

3. नियोक्ता :
व्यक्तियों का कोई निकाय, जो नियोक्ता के प्रबंधकीय प्रतिनिधि को छोड़कर निगमित हो ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

131. CISF नियमावली, 2001 के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) एक विशेष रूप से सुपात्र सिपाही (कांस्टेबल) जिसने पंद्रह वर्ष की सेवा कर ली हो, की पदोन्नति हेड कांस्टेबल के पद के लिए, उसके सेवा रिकार्ड के आधार पर की जा सकती है ।

(b) एक विशेष रूप से सुपात्र हेड कांस्टेबल जिसकी सेवा बीस वर्षों की हो, की पदोन्नति सहायक उप-निरीक्षक के पद पर, उसके सेवा रिकार्ड के आधार पर की जा सकती है ।

(c) एक विशेष रूप से सुपात्र सहायक उप-निरीक्षक जिसकी सेवा पच्चीस वर्षों की हो, की पदोन्नति उप-निरीक्षक के पद पर, उसके सेवा रिकार्ड के आधार पर की जा सकती है ।

(d) बल के सुपात्र सदस्यों की ऐसी पदोन्नतियों की कुल संख्या उन पदों के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिन्हें पदोन्नति की विधि से भरा जाना है ।

**132.** Which one of the following statements is *not* correct ?

(a) In the absence of a specific order of confirmation or a declaration of satisfactory completion of probation, a member of the Central Industrial Security Force is deemed to be on probation.

(b) A member of the Central Industrial Security Force is deemed to have successfully completed his probation, if it is not extended before the completion of the probation period specified in the relevant rules.

(c) No member of the Force shall ordinarily be kept on probation for more than twice the period prescribed in the relevant rules.

(d) Members of the Force appointed on deputation/absorption need not be kept on probation.

**133.** Which one of the following statements with regard to the CISF Rules, 2001, is correct ?

(a) The cases of termination of the services of a probationer can be reopened by the appointing authority on his/her own motion.

(b) The cases of termination of the services of a probationer can be reopened only by the Central Government on appeal by the probationer whose services have been terminated.

(c) Wherever permissible, the cases of termination of the services of a probationer can normally be reopened only within three months of the termination, unless there are special circumstances to warrant reopening of the case after this period.

(d) If a probationer is reinstated on reopening of the case, no pay and allowances are payable from the date of termination to the date of reinstatement.

**134.** Which of the following statements is/are correct ?

1. The orders issued by the Central Government from time to time as regards reservation, relaxation of the age limit and other concessions for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons are not applicable to the Central Industrial Security Force.

2. The Director General may give relaxation in the eligibility criteria for recruitment to the post of Constable at the time of direct recruitment.

3. No relaxation can be made by the Director General in the medical criterion for recruitment even if it is in the interest of the Force and is considered not to be detrimental to the functioning of the Force.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 2 only

(d) 3 only

**135.** Which of the following statements about CISF is/are correct ?

1. CISF is the only Central Armed Police Force in India having a full-fledged fire service wing.

2. CISF offer security consultancy services only to the Government establishments.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

132. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) स्थायीकरण के एक विशिष्ट आदेश अथवा परिवीक्षा के संतोषजनक रूप से पूरा होने की घोषणा के अभाव में, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का एक सदस्य परिवीक्षा में समझा जाता है ।

(b) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक सदस्य की परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण मानी जाती है, यदि इसे परिवीक्षा काल के पूरा होने से पहले संगत नियमों में विनिर्दिष्ट किए जाने के अनुसार विस्तारित न किया गया हो ।

(c) बल के किसी भी सदस्य को संगत नियमों में निर्धारित कालावधि के दुगुने से अधिक समय के लिए सामान्यत: परिवीक्षा पर नहीं रखा जाएगा ।

(d) बल के वे सदस्य जिन्हें प्रतिनियुक्ति/आमेलन पर नियुक्त किया गया है, को परिवीक्षा पर रखने की आवश्यकता नहीं है ।

133. CISF नियमावली, 2001 के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) एक परिवीक्षाधीन की सेवाओं की समाप्ति के मामले, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अपने स्वयं के प्रस्ताव पर पुन: चालू किए जा सकते हैं ।

(b) एक परिवीक्षाधीन की सेवाओं की समाप्ति के मामले, केवल केन्द्र सरकार द्वारा, उस परिवीक्षाधीन जिसकी सेवाएँ समाप्त की गई हैं, की अपील पर पुन: चालू किए जा सकते हैं ।

(c) जहाँ तक अनुज्ञेय है, एक परिवीक्षाधीन की सेवाओं की समाप्ति के मामले, सामान्यत: केवल सेवा समाप्ति के तीन माह के भीतर ही पुन: चालू किए जा सकते हैं, जब तक कोई विशेष परिस्थितियाँ न हों जिनसे इस अवधि के पश्चात् मामले को पुन: चालू करने का आधार बने ।

(d) यदि एक परिवीक्षाधीन को, मामले के पुन: चालू करने पर, बहाल किया जाता है, तो सेवा समाप्ति से बहाली की तारीख तक कोई वेतन और भत्ता देय नहीं है ।

134. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पूर्व-सैनिकों तथा अन्य विशेष वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेश केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए लागू नहीं होते हैं ।

2. सीधी भर्ती के समय महानिदेशक, सिपाही (कांस्टेबल) के पद की भर्ती के लिए पात्रता मानदंड में छूट दे सकता है ।

3. भर्ती के लिए, महानिदेशक द्वारा चिकित्सीय मानदंड में कोई छूट नहीं दी जा सकती, यद्यपि यह बल के हित में हो और इसे बल के प्रकार्यों के लिए अहितकर न समझा जाए ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3

135. CISF के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. भारत में केवल CISF ही ऐसा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल है जिसके पास एक पूर्ण विकसित अग्निशमन सेवा विंग है ।

2. CISF, केवल सरकारी अधिष्ठानों को सुरक्षा परामर्शी सेवाएँ देता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**136.** Which one of the following is ***not*** a duty of CISF personnel when deputed at a polling booth during election ?

(a) Maintaining peace at the polling booth

(b) Providing security to polling personnel

(c) Securing EVMs

(d) Ensuring security of the candidates

**137.** Which of the following are required in making an Improvised Explosive Device (IED) ?

1. Detonator
2. Explosive
3. Battery

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**138.** As per the provisions of the Indian Evidence Act, 1872, secondary evidence relating to a document ***cannot*** be given when the original

(a) is of such a nature as not to be easily movable

(b) is a private document

(c) is destroyed or lost

(d) consists of numerous accounts or other documents which cannot conveniently be examined in the Court

**139.** As per the provisions of the Indian Evidence Act, 1872, which one of the following types of questions is ***not*** lawful in cross-examination ?

(a) Questions which shake the credibility of a witness

(b) Questions about the general immoral character of a rape victim/prosecutrix

(c) Questions to test the veracity of a witness

(d) Questions related to the position of a witness in life

**140.** As per the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947, a dispute to be termed as 'Industrial Dispute' must be between

(a) employers and employers

(b) workmen and workmen

(c) employers and workmen

(d) All of the above

**141.** As per the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947, which one of the following is ***not*** included in the term 'wages' ?

(a) Dearness allowance

(b) Any travelling allowance

(c) Any bonus

(d) The value of any house accommodation

**142.** As per the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947, 'Lay-off' means the failure, refusal or inability of an employer to give employment to a workman whose name is borne on the master rolls of his industrial establishment and who has not been retrenched on account of

(a) shortage of coal or power

(b) shortage of raw materials or breakdown of machinery

(c) accumulation of stocks

(d) All of the above

136. निर्वाचन के दौरान एक मतदान केन्द्र पर तैनात किए जाने पर, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कर्तव्य, CISF कार्मिकों का *नहीं* होता है ?

(a) मतदान केन्द्र पर शांति बनाए रखना

(b) मतदान कार्मिकों को सुरक्षा प्रदान करना

(c) EVMs की सुरक्षा करना

(d) उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना

137. एक कामचलाऊ विस्फोटक युक्ति (इम्प्रवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) (IED) को बनाने में, निम्नलिखित में से किनकी आवश्यकता होती है ?

1. प्रस्फोटक (डेटोनेटर)

2. विस्फोटक (एक्सप्लोसिव)

3. बैटरी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

138. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के उपबंधों के अनुसार, दस्तावेज़ से संबंधित द्वितीयक साक्ष्य तब *नहीं* दिया जा सकता जब मूल है

(a) ऐसी प्रकृति का जो आसानी से जंगम नहीं है

(b) एक निजी दस्तावेज़

(c) नष्ट हो चुका अथवा खोया जा चुका

(d) बहुत से लेखाओं अथवा अन्य दस्तावेज़ों से बना हुआ, जिनकी पड़ताल न्यायालय में सुविधापूर्वक नहीं की जा सकती

139. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के उपबंधों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस एक प्रकार के प्रश्न प्रतिपरीक्षा में विधिसम्मत *नहीं* हैं ?

(a) प्रश्न जो एक साक्षी की विश्वसनीयता को डगमगा दें

(b) एक बलात्कार पीड़िता/अभियोक्ती के सामान्य अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्न

(c) एक साक्षी की सत्यवादिता के परीक्षण के लिए प्रश्न

(d) जीवन में साक्षी की स्थिति से संबंधित प्रश्न

140. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के उपबंधों के अनुसार, एक विवाद जिसे 'औद्योगिक विवाद' का नाम दिया गया है, किनके बीच होना आवश्यक है ?

(a) नियोक्ता और नियोक्ता

(b) कर्मकार और कर्मकार

(c) नियोक्ता और कर्मकार

(d) उपर्युक्त सभी

141. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के उपबंधों के अनुसार, 'मज़दूरी' शब्द में, निम्नलिखित में से क्या शामिल *नहीं* है ?

(a) महँगाई भत्ता

(b) कोई यात्रा भत्ता

(c) कोई बोनस

(d) किसी गृह आवास का मूल्य

142. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के उपबंधों के अनुसार, 'कामबन्दी' का तात्पर्य, किसी नियोक्ता की उस कर्मकार को रोज़गार देने में विफलता, इनकार या असमर्थता से है जिसका नाम उसके औद्योगिक प्रतिष्ठान के मुख्य पंजी (मास्टर रोल) पर है और किसी कारण से जिसकी छँटनी नहीं की गई है । वह कारण कौन-सा है ?

(a) कोयले या बिजली की कमी

(b) कच्चे माल की कमी या मशीनों का खराब हो जाना

(c) स्टॉक का संचयन

(d) उपर्युक्त सभी

143. In an industrial establishment, no workman can go on strike and no employer can declare a lock-out within how many days of conclusion of conciliation proceedings ?

(a) 7 days

(b) 15 days

(c) 30 days

(d) 60 days

144. In which of the following circumstances can an enrolled member of the Central Industrial Security Force be placed under suspension ?

1. Where a disciplinary proceeding against him/her is contemplated or pending.

2. Where a case against him/her in respect of any criminal offence is under investigation, inquiry or trial.

3. Where in the opinion of the competent authority, the member of the Force had engaged himself/herself in activities prejudicial to the interest of the security of the State.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

145. Which one of the following is ***not*** one of the major penalties prescribed in the Central Industrial Security Force Rules, 2001 ?

(a) Reduction to a lower stage in the time scale of pay by one stage for a period not exceeding three years, without cumulative effect, and not adversely affecting promotion

(b) Compulsory retirement

(c) Dismissal from service

(d) Reduction to a lower time scale of pay, grade, post or service for a period to be specified in the order of penalty which shall be a bar to the promotion of the enrolled member during such specified period to the time scale of pay, grade, post or service from which he was reduced

146. As per the provisions of the CISF Rules, 2001, which of the following authorities is deemed to be the Inquiring Authority where there is a complaint of sexual harassment ?

(a) An officer not below the rank of the Deputy Inspector General in whose jurisdiction the act of sexual harassment is alleged to have been committed

(b) The authority who had appointed the member of the Force against whom the complaint is made

(c) The President of the CISF Wives Welfare Association

(d) The Complaints Committee established in the Central Industrial Security Force for conducting inquiries into such complaints

143. किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान में, सुलह कार्यवाही के समाप्त होने के कितने दिनों के अन्दर कोई कर्मकार हड़ताल पर नहीं जा सकता है और कोई नियोक्ता तालाबंदी घोषित नहीं कर सकता है ?

(a) 7 दिन

(b) 15 दिन

(c) 30 दिन

(d) 60 दिन

144. निम्नलिखित में से किस/किन परिस्थिति(यों) में, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के किसी नामांकित सदस्य को निलंबन में रखा जा सकता है ?

1. जब उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही करने का विचार है या लम्बित है ।

2. जब किसी दांडिक अपराध के संबंध में उसके विरुद्ध कोई मामला अन्वेषण, जाँच या विचारण के अधीन हो ।

3. जब सक्षम प्राधिकारी का यह विचार हो, कि बल के सदस्य ने स्वयं को राज्य की सुरक्षा के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली गतिविधियों में लिप्त कर रखा था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

145. निम्नलिखित में से कौन-सी शास्ति केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नियमावली, 2001 में निर्धारित प्रमुख शास्तियों में से एक *नहीं* है ?

(a) किसी संचयी प्रभाव के बिना, और पदोन्नति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, तीन वर्ष की अनधिक अवधि के लिए एक प्रक्रम द्वारा समय वेतनमान में एक निचले चरण तक कमी करना

(b) अनिवार्य सेवा-निवृत्ति

(c) सेवा से पदच्युत करना

(d) शास्ति आदेश में निर्धारित की जाने वाली अवधि के लिए एक निम्नतर समय वेतनमान, ग्रेड, पद या सेवा तक कमी, जो समय वेतनमान, ग्रेड, पद या सेवा की ऐसी निर्दिष्ट अवधि जहाँ से उसे पदावनत किया गया था, के दौरान नामांकित सदस्य की पदोन्नति के लिए रोध होगी

146. CISF नियमावली, 2001 के उपबंधों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी को जाँच प्राधिकारी समझा जाता है जब यौन-उत्पीड़न की शिकायत की गई हो ?

(a) कोई अधिकारी, जो उप-महानिरीक्षक के ओहदे से नीचे का न हो, और जिसकी अधिकारिता में यौन-उत्पीड़न का कृत्य किया जाना आरोपित है

(b) वह प्राधिकारी, जिसने बल के उस सदस्य को नियुक्त किया था जिसके विरुद्ध शिकायत की गई है

(c) CISF वाइव्स वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष

(d) ऐसी शिकायतों की जाँच करने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में स्थापित शिकायत समिति

**147.** Who is competent to order transfer of the supervisory officers of the Central Industrial Security Force ?

(a) The Director General of the Central Industrial Security Force

(b) The Inspector General if the transfer is from one unit to another within the same sector

(c) The Deputy Inspector General if the transfer is from one unit to another within the same zone

(d) The Central Government

**148.** What is "m-Power" in relation to the Central Industrial Security Force ?

(a) It is the name of the operational network of the Force.

(b) It is the code governing the powers of the supervisory officers of the Force.

(c) It is a mobile application which enables the members of the Force to address their pay-related queries and register their grievances while on the move.

(d) It is the motto of the Force.

**149.** Which of the following is/are valid ground(s) for challenging the jurisdiction of the National Human Rights Commission to inquire into an allegation of human rights violation against a member of the Central Industrial Security Force ?

1. That the same complaint is under investigation by the Human Rights Commission of the State in which the violation is alleged to have been committed
2. That the same complaint is being investigated by a Commission of Inquiry set up by the Central Government
3. That more than one year has expired from the date on which the act constituting violation of human rights is alleged to have been committed

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**150.** Which of the following is/are correct ?

While inquiring into complaints under the Protection of Human Rights Act, 1993, the National Human Rights Commission can

1. summon and enforce the attendance of witnesses and examine them on oath.
2. seek discovery and production of any document.
3. require any public record or copy thereof from any court or office.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

147. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पर्यवेक्षी अधिकारियों के स्थानान्तरण का आदेश देने के लिए कौन सक्षम है ?

(a) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का महानिदेशक

(b) महानिरीक्षक, यदि उसी सेक्टर में एक यूनिट से दूसरे यूनिट में स्थानान्तरण किया जाता है

(c) उप-महानिरीक्षक, यदि उसी ज़ोन में एक यूनिट से दूसरे यूनिट में स्थानान्तरण किया जाता है

(d) केन्द्र सरकार

148. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के संबंध में "m-Power" क्या है ?

(a) यह बल के प्रचालन नेटवर्क का नाम है ।

(b) यह बल के पर्यवेक्षी अधिकारियों की शक्तियों को शासित करने वाला कूट है ।

(c) यह एक मोबाइल अनुप्रयोग है जो बल के सदस्यों को, जब वे स्थान बदल रहे होते हैं, उनके वेतन से संबंधित प्रश्नों का समाधान करने और उनकी शिकायतों को पंजीकृत करने में समर्थ बनाता है ।

(d) यह बल का आदर्श वाक्य (मॉटो) है ।

149. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के किसी सदस्य के विरुद्ध मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोप की जाँच करने के लिए, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की अधिकारिता को चुनौती देने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा/से आधार विधिमान्य है/हैं ?

1. यह कि उसी शिकायत पर उस राज्य के मानवाधिकार आयोग द्वारा जाँच-पड़ताल की जा रही है जिसमें कथित रूप से उल्लंघन किया गया है
2. यह कि उसी शिकायत पर केन्द्र सरकार द्वारा गठित जाँच आयोग द्वारा जाँच-पड़ताल की जा रही है
3. यह कि जिस तारीख से कथित रूप से मानवाधिकार के उल्लंघन को संघटित करने वाला कृत्य किया गया है, उस तारीख से एक वर्ष से अधिक का समय अवसित हो गया है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

150. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अधीन शिकायतों की जाँच करते समय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

1. साक्षियों को समन करना और हाजिर कराना और शपथ पर उनकी परीक्षा कर सकता है ।
2. किसी दस्तावेज़ को प्रकट और पेश करने की अपेक्षा कर सकता है ।
3. किसी न्यायालय या कार्यालय से कोई लोक अभिलेख या उसकी प्रतिलिपि अपेक्षित कर सकता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

## SPACE FOR ROUGH WORK
कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : GAIP-A-TNS** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य योग्यता, बुद्धिमत्ता एवं वृत्तिक कौशल

# A

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट* *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक नहीं है ।
11. इस परीक्षण पुस्तिका में **दो भाग** हैं । **भाग A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं । **भाग B वृत्तिक कौशलों** के विषय में है जिसमें **75** प्रश्न हैं । इन सभी **150** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.